Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 सितंबर, 2022

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

प्रत्येक वर्ष **10 सितंबर** को **विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (World Suicide Prevention Day)** मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाना और आत्महत्या के बढ़ते मामलों को रोकना है। इसकी शुरुआत **इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ सुसाइड प्रिवेंशन (IASP)** द्वारा **वर्ष 2003** में की गई थी। इस दिन को [वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ एंड वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन](https://www.drishtiias.com/hindi) द्वारा स्पॉन्सर्ड किया जाता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस को मनाने का पहला वर्ष सफल होने के बाद **वर्ष 2004** में [विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)](https://www.drishtiias.com/hindi) औपचारिक रूप से इस आयोजन को फिर से को-स्पॉन्सर करने के लिये तैयार हुआ जिससे यह दिन एक वार्षिक मान्यता प्राप्त दिन (Annually Recognized Day) बन गया। **वर्ष 2022** के लिये **विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम 'Creating hope through action' यानी "लोगों में अपने काम के जरिये उम्मीद पैदा करना"** निर्धारित की गयी है। इस दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम इसी थीम पर आधारित होंगे, इस थीम के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन यह संदेश देना चाहता है कि आत्महत्या करने की सोच रखने वालों को किसी भी तरह से अपनी उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिये।

'पश्चिमी क्षेत्रीय परामर्श बैठक '

महिला विकास प्रकोष्ठ और आंतरिक शिकायत समिति, गुजरात विश्वविद्यालय के सहयोग से [**'राष्ट्रीय महिला आयोग' (National Women Commission-NCW)**](https://www.drishtiias.com/hindi) ने विभिन्न हितधारकों जिसमें **गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गोवा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश दादरा नगर हवेली तथा दमन और दीव** के महिला आयोगों तथा **महिला एवं बाल विकास विभाग के** प्रतिनिधि एवं **स्वाधार गृह, उज्ज्वला और वन स्टॉप सेंटर्स** का प्रतिनिधित्व करने वाले गैर सरकारी संगठन शामिल हैं, के साथ एक दिवसीय पश्चिमी क्षेत्रीय परामर्श बैठक का आयोजन किया। इस परामर्श बैठक में इन संगठनों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं और उनके **कारणों तथा महिला कल्याण, आश्रय, सशक्तिकरण एवं अधिकारों की सुरक्षा** जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। NCW की अध्यक्षा सुश्री रेखा शर्मा ने इस परामर्श बैठक में **मुख्य अतिथि** के रूप में भाग लिया। भारत में **महिलाओं की स्थिति पर गठित समिति** ने लगभग पाँच दशक पहले शिकायतों के निवारण की सुविधा एवं महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक विकास में तीव्रता लाने हेतु निगरानी कार्यों को पूरा करने के लिये **'राष्ट्रीय महिला आयोग'** की स्थापना की सिफारिश की थी। महिलाओं के लिये **राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (1988-2000)** सहित अन्य सभी समितियों और आयोगों ने महिलाओं के लिये एक शीर्ष निकाय के गठन की सिफारिश की। **राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990** के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना **जनवरी 1992** में एक **वैधानिक निकाय** के रूप में की गई थी। आयोग का गठन 31 जनवरी 1992 को **'जयंती पटनायक'** की अध्यक्षता में किया गया था। आयोग में एक **अध्यक्ष, एक सदस्य सचिव और पाँच अन्य सदस्य** होते हैं। NCW के अध्यक्ष को केंद्र सरकार द्वारा नामित किया जाता है।

ज्यूरिख डायमंड लीग

हाल ही में **टोक्यो ओलम्पिक में स्वर्ण पदक विजेता** भाला फेंक खिलाड़ी/ज्वैलिन खिलाड़ी नीरज चोपड़ा स्विट्ज़रलैंड में ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल 2022 जीतने वाले **पहले भारतीय** बन गए हैं। नीरज चोपड़ा ने **ज्यूरिख डायमंड लीग में 88.44** मीटर भाला फेंककर डायमंड लीग ट्रॉफी जीत ली। उल्लेखनीय है कि **डायमंड लीग** को **ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद ट्रैक एंड फील्ड** की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता माना जाता है। **वर्ष 2010 में शुरू** हुए इस लीग के **13वें संस्करण का आयोजन स्विट्ज़रलैंड के ज्यूरिख में किया गया।** नीरज ने इससे पहले वर्ष 2017 और 2018 में भी फाइनल के लिये क्वालिफाई किया था, जहाँ वह क्रमशः सातवें एवं चौथे स्थान पर रहे थे, नीरज चोपड़ा ने अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय खेलों को नई ऊँचाई पर पहुँचाया है। वर्ष 2022 की शुरुआत में **स्टॉकहोम डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा 94 मीटर दूर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भाला फेंककर दूसरे स्थान** पर रहे थे। गौरतलब है कि हाल ही में नीरज ने **वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल मैच में 88.13 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता था।** वह अंजू बॉबी जॉर्ज (2003) के बाद ऐसा करने वाले दूसरे एथलीट हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-september-2022